7:54

लाखनमाजरा में छात्राओं ने रखे विचार

महम। लाखनमाजरा गर्ल्स कॉलेज में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्राचार्य मेजर संतोष धनखड़ ने किया। डॉ. दलीपकौर सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग राजकीय महिला महाविदयालय रोहतक मुख्यातिथि रही। उन्होंने बताया कि संचार कौशलों का एक मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में बड़ा योगदान है। डॉ. मीरा ने भी छात्राओं के सामने अपने विचार रखे। इस दौरान मंजू छिक्कारा, अनुराधा, हिना आदि मौजूद रहीं।

7:54

व्यक्तित्व विकास के गुर बताए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में सॉफ्ट स्किल्स को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता अमित शर्मा ने छात्राओं को संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से बताया।

इसके अलावा संदेशवाहन को प्रभावी बनाने की विधियां, संदेशवाहन में आने वाली बाधाएं व प्रस्तुतिकरण को सफल कैसे बनाएं आदि विषयों पर प्रकाश डाला। प्लेसमेंट सेल की अध्यक्षा डॉ. मीरा ने बताया कि कार्यशाला 18 अक्टूबर तक चलेगी। वहीं प्राध्यापिका अनिता अमानी ने कहा कि कार्यशाला से विद्यार्थियों को जॉब इंटरव्यू और जॉब टेस्ट पास करने में लाभ होगा। इस अवसर पर मंजू छिकारा, डॉ. पूनम सोनी, हिना, अनुराधा, राजेश चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

7:54

छात्राओं को कम्युनिकेशन स्किल की दी जानकारी

लाखनमाजरा | राजकीय महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राध्यापिका अनिता अमानी ने की। वहीं संचालन प्लेसमेंट की अध्यक्षा डॉ. मीरा ने की। कार्यशाला का विषय सॉफ्ट स्किल रहा। जिसके तहत छात्राओं को अमित शर्मा, राजेश कुमार ने कम्युनिकेशन स्किल व पर्सनालिटी डवलपमेंट पर बताया। संदेश वाहन प्रभावी बनाने की विधियों के बारे में समझाया। पब्लिक स्पीच आदि में आने वाली बाधाओं को दूर करने के उपाय बताए। इस दौरान डॉ. पूनम सोनी, हिना और मंजू छिक्कारा आदि मौजूद रहे।